Hind Atma

Date: 27/11/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में धूमधाम से मना पीजी एवं हॉस्टल डे

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के नेतृत्व मे आईटीएस डेन्टल कॉलेज ने हॉस्टल में रहने वाले बीडीएस एवं एमडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिये दिनांक 25 नवंबर को पीजी एवं हॉस्टल डे बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ शुरू हुआ, जिसमें बीडीएस और एमडीएस के 600 से अधिक छात्रों ने अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया।पीजी डे कार्यक्रम का शुभांरम्भ आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वल्लित करके किया गया।

इस कार्यक्रम को दो सत्रों में सम्पन्न किया गया। प्रथम सत्र में पीजी डे का आयोजन किया गया, जिसमें जस्ट ए मिनट, चोग मार्ट, हॉग मार्ट,इमोजी अंताक्षरी और शीबा की रानी जैसी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही फैशन शो का भी आयोजन किया गया। फैशन शो में सभी एमडीएस के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया हॉस्टल डे कार्यक्रम में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने शिरकत की उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छात्रों द्वारा लगाए गए स्कूलों के लिये सभी की सराहना की।

हॉस्टल डे की शुरूआत शाम को कॉलेज परिसर में रहने वाले बीडीएस एवं एमडीएस के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। इसमें छात्रों ने फैशन शो, ग्रुप डांस, डुएट डांस और ग्रुप सिंगिंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।संस्थान के हरे भरे ग्राउंड में छात्रों द्वारा अद्भुत फ्लैश मॉब प्रदर्शन से ग्राउंड का माहौल और भी शानदार हो गया। भारत के स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रतिनिधित्व करने वाली थीम पर स्टॉल लगाए गए, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भोजन का लुफ्त उठाया।कार्यक्रम के दौरान संस्थान में उच्चस्तरीय ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखा गया। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि संस्थान के छात्रों ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल करके न केवल एकेडमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, बल्कि प्रत्येक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा साबित की है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से नये एमडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का बाकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के साथ जुड़ाव बढ़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये और उनके प्रयासों के लिये सभी छात्रों की प्रशंसा की व उन्हें शुभकामना भी दी। कार्यक्रम का समापन विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरण कर किया गया।

Manasvi Vani

Date: 27/11/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में हॉस्टल डे धुम-धाम से मनाया

मनस्वी वाणी संवाददाता

मुरादनगर दिल्ली मेरठ रोड स्थित आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के नेतृत्व मे आईटीएस डेन्टल कॉलेज में रहने वाले बीडीएस एवं एमडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिये हॉस्टल डे बड़े धुम-धाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम मे बीडीएस और एमडीएस के 600 से अधिक छात्रों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया।पीजी डे कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वल्लित करके किया गया। इस कार्यक्रम को दो सत्रों में सम्पन्न किया गया। प्रथम सत्र में पीजी डे का आयोजन किया गया जिसमें जस्ट ए मिनट, चोग मार्ट, हॉग मार्ट, इमोजी अंताक्षरी और शीबा की रानी जैसी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही फैशन शो का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी एमडीएस के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हॉस्टल डे की शुरूआत बीडीएस एवं एमडीएस के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन के साथ हुई, जिसमें छात्रों ने फैशन शो, ग्रुप डांस, डुएट डांस और ग्रुप सिंगिंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। संस्थान के हरे भरे ग्राउंड में छात्रों द्वारा अद्भुत फ्लैश मॉब प्रदर्शन से ग्राउंड का माहौल और भी शानदार हो गया। भारत के स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रतिनिधित्व करने वाली थीम पर स्टॉल लगाए गए जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भोजन का लुफ्त उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान संस्थान में एक उच्च स्तर की ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखा गया।आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने कहा कि संस्थान के छात्रों ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल करके न केवल एकेडमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, बल्कि प्रत्येक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा साबित की है।